प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

27 दिसंबर 2023

## सप्ताहांत/छुट्टियों के दौरान स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) का प्रत्यावर्तन

वर्तमान में, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) रविवार और छुट्टियों सहित समस्त दिनों में एक दिवसीय आधार पर उपलब्ध है, लेकिन प्रत्यावर्तन की अनुमति केवल मुंबई में अगले कार्य दिवस पर है। जैसा कि 08 दिसंबर 2023 को गवर्नर के वक्तव्य में घोषित किया गया है, 30 दिसंबर 2023 से सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान भी एसडीएफ और एमएसएफ दोनों के अंतर्गत चलनिधि सुविधाओं के प्रत्यावर्तन की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। स्वचालित स्वीप-इन और स्वीप-आउट (एएसआईएसओ) सुविधा के अंतर्गत उत्प्रेरित एसडीएफ/एमएसएफ बोलियां अब अगले कैलेंडर दिन पर प्रत्यावर्तित हो जाएंगी। ई-कुबेर पोर्टल के माध्यम से लगाई गई मैन्युअल बोली के मामले में, बोली लगाने के समय, पात्र संस्थाओं द्वारा परिपक्वता-काल के संबंध में विकल्प का प्रयोग किया जा सकेगा। रविवार और छुट्टियों सहित सभी दिनों में एसडीएफ/एमएसएफ उपलब्ध रहेगी।

2. एसडीएफ/एमएसएफ परिचालन के लिए परिपक्वता-काल चुनने की सुविधा 29 दिसंबर 2023 (शुक्रवार) से उपलब्ध होगी, जबकि प्रत्यावर्तन 30 दिसंबर 2023 (शनिवार) से होगा। सप्ताहांत/छुट्टियों में एसडीएफ और एमएसएफ के प्रत्यावर्तन के कुछ उदाहरण **अनुबंध** में दिए गए हैं।

3. एसडीएफ और एमएसएफ के दिन-वार परिचालन के बारे में जानकारी मुंबई में अगले कार्य दिवस पर मुद्रा बाजार परिचालन (एमएमओ) प्रेस प्रकाशनी में प्रकाशित की जाती रहेगी।

**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1548**

**अनुबंध**

**सप्ताहांत/छुट्टियों में एसडीएफ और एमएसएफ के प्रत्यावर्तन के उदाहरण**

**उदाहरण 1**:

एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम जो 29-31 दिसंबर 2023 की अवधि के दौरान उपलब्ध होंगे, उन्हें नीचे दी गई तालिकाओं में दर्शाया गया है। एएसआईएसओ सुविधा के अंतर्गत उत्प्रेरित एमएसएफ/एसडीएफ निर्गमों को बोल्ड अक्षरों में दर्शाया गया है।

तालिका 1.1: 29 दिसंबर 2023 (शुक्रवार) को उपलब्ध एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम

| निर्गम प्रकार | निर्गम संदर्भ | प्रथम चरण निपटान तिथि | अवधि (दिन) | द्वितीय चरण निपटान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **एमएसएफ** | **2023/00001** | **29/12/2023 (शुक्र)** | **1** | **30/12/2023 (शनि)** |
| एमएसएफ | 2023/00002 | 29/12/2023 (शुक्र) | 2 | 31/12/2023 (रवि) |
| एमएसएफ | 2023/00003 | 29/12/2023 (शुक्र) | 3 | 01/01/2024 (सोम) |
| **एसडीएफ** | **2023/00004** | **29/12/2023 (शुक्र)** | **1** | **30/12/2023 (शनि)** |
| एसडीएफ | 2023/00005 | 29/12/2023 (शुक्र) | 2 | 31/12/2023 (रवि) |
| एसडीएफ | 2023/00006 | 29/12/2023 (शुक्र) | 3 | 01/01/2024 (सोम) |

तालिका 1.2: 30 दिसंबर 2023 (शनिवार) को उपलब्ध एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम

| निर्गम प्रकार | निर्गम संदर्भ | प्रथम चरण निपटान तिथि | अवधि (दिन) | द्वितीय चरण निपटान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **एमएसएफ** | **2023/00007** | **30/12/2023 (शनि)** | **1** | **31/12/2023 (रवि)** |
| एमएसएफ | 2023/00008 | 30/12/2023 (शनि) | 2 | 01/01/2024 (सोम) |
| **एसडीएफ** | **2023/00009** | **30/12/2023 (शनि)** | **1** | **31/12/2023 (रवि)** |
| एसडीएफ | 2023/00010 | 30/12/2023 (शनि) | 2 | 01/01/2024 (सोम) |

तालिका 1.3: 31 दिसंबर 2023 (रविवार) को उपलब्ध एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम

| निर्गम प्रकार | निर्गम संदर्भ | प्रथम चरण निपटान तिथि | अवधि (दिन) | द्वितीय चरण निपटान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **एमएसएफ** | **2023/00011** | **31/12/2023 (रवि)** | **1** | **01/01/2024 (सोम)** |
| **एसडीएफ** | **2023/00012** | **31/12/2023 (रवि)** | **1** | **01/01/2024 (सोम)** |

**उदाहरण 2:**

एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम जो 01-02 अक्टूबर 2024 (2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर मुंबई में छुट्टी होने के कारण) की अवधि के दौरान उपलब्ध होंगे, नीचे दी गई तालिकाओं में दर्शाए गए हैं। एएसआईएसओ सुविधा के अंतर्गत उत्प्रेरित एमएसएफ/एसडीएफ निर्गमों को बोल्ड अक्षरों में दर्शाया गया है।

तालिका 2.1: 01 अक्तूबर 2024 (मंगलवार) को उपलब्ध एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम

| निर्गम प्रकार | निर्गम संदर्भ | प्रथम चरण निपटान तिथि | अवधि (दिन) | द्वितीय चरण निपटान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **एमएसएफ** | **2024/00001** | **01/10/2024 (मंगल)** | **1** | **02/10/2024 (बुध)** |
| एमएसएफ | 2024/00002 | 01/10/2024 (मंगल) | 2 | 03/10/2024 (गुरु) |
| **एसडीएफ** | **2024/00003** | **01/10/2024 (मंगल)** | **1** | **02/10/2024 (बुध)** |
| एसडीएफ | 2024/00004 | 01/10/2024 (मंगल) | 2 | 03/10/2024 (गुरु)) |

तालिका 2.2: 02 अक्तूबर 2024 (बुधवार) को उपलब्ध एमएसएफ/एसडीएफ निर्गम

| निर्गम प्रकार | निर्गम संदर्भ | प्रथम चरण निपटान तिथि | अवधि (दिन) | द्वितीय चरण निपटान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **एमएसएफ** | **2024/00005** | **02/10/2024 (बुध)** | **1** | **03/10/2024 (गुरु)** |
| **एसडीएफ** | **2024/00006** | **02/10/2024 (बुध)** | **1** | **03/10/2024 (गुरु)** |

**नोट:**

क) शुक्रवार या छुट्टी से पहले कोई अन्य दिन, एसडीएफ/एमएसएफ के बहु निर्गम, जिनकी प्रत्यावर्तन तारीख मुंबई में अगले कार्य दिवस और उसके साथ-साथ इस बीच में पड़ने वाली छुट्टियों पर होगी, उपलब्ध रहेंगे।

ख) उन दिनों जब एसडीएफ/एमएसएफ के बहु निर्गम उपलब्ध होंगे, पात्र संस्थाओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार एक या एक से अधिक एसडीएफ/एमएसएफ निर्गमों में मैन्युअल बोली लगाने (अर्थात ई-कुबेर पोर्टल के माध्यम से बोलियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने) की सुविधा होगी।

ग) स्वचालित स्वीप-इन और स्वीप-आउट (एएसआईएसओ) सुविधा के तहत उत्प्रेरित एसडीएफ/एमएसएफ बोलियां केवल अगले कैलेंडर दिन पर प्रत्यावर्तित होंगी।